# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद-1

निविदा संख्या:सम्पूर्ति-दो-46(बेल्ट क्लास्प वी0सी0)-2016 दिनांक: जनवरी,25, 2017

**-: अल्पकालिक निविदा सूचना :-**

निम्नलिखित वर्दी वस्तु के क्रयार्थ अलग-अलग टेक्निकल एवं वित्तीय भाव पत्र पृथक-पृथक मुहरबन्द अल्पकालिक निविदा आमन्त्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | वर्दी वस्तु का नाम | संख्या | प्रतिभूति राशि (धरोहर राशि) | टेण्डर फीस (वैट सहित) | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बेल्ट क्लास्प वी0सी0 (ब्रास) | 6004 अदद | 6,324.00 | 1,212.00 | उ0प्र0 पुलिस केन्द्रीय भण्डार, कानपुर |

उ0प्र0 पुलिस बल के जवानों के उपयोगार्थ उपरोक्त वर्दी वस्तु की आपूर्ति हेतु निर्माता/अधिकृत विक्रेता द्वारा निविदा विज्ञप्ति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट www.uppolice.gov.in एवं सूचना विभाग की वेबसाइट www.upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रकाशन के उपरान्त निविदा प्रपत्र को किसी भी कार्य दिवस मे प्रातः 11:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद से टेण्डर फार्म फीस उपरोक्त धनराशि का नकद भुगतान अथवा पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पक्ष में देय उपरोक्त राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से क्रय किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10-02-2017 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद में स्थित पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय के कार्यालय कक्ष में स्थित टेण्डर बाक्स में डाले जा सकते हैं।

2- निविदा प्रपत्र में अंकित आइटम के लिये तकनीकी बिड व वित्तीय बिड दो प्रतियों (ओरिजनल/डुप्लीकेट) में अर्थात कुल 04 सीलबन्द लिफाफे, जिन्हें एक अन्य लिफाफे में सीलबन्द करके डाले जायेंगे। प्रत्येक लिफाफे में ऊपर लाल स्याही से निविदा संख्या व दिनांक अंकित किया जायेगा। लिफाफा नं0-1 में ओरिजनल तकनीकी भाव पत्र के साथ अर्नेस्ट मनी (धरोहर धनराशि), उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत टेण्डर फार्म की प्रति व अन्य अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रतियां रखी जानी होंगी। तकनीकी भाव पत्र के लिफाफा नं0-2 में तकनीकी भावपत्र नं0-1 के समस्त अभिलेखों की छायाप्रतियां रखनी होंगी। तकनीकी भाव पत्र में मूल्य अंकित नहीं होगा। वित्तीय भाव पत्र के लिफाफा नं0-3 मे ओरिजनल अभिलेख तथा लिफाफा नं0-4 में ओरिजनल अभिलेखों/संलग्नकों की प्रमाणित छायाप्रतियां रखी जायेंगी। अपूर्ण निविदा एवं बिना अर्नेस्ट मनी के प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा उपयुक्त पाये जाने पर ही अग्रेतर कार्यवाही पर विचार होगा।

3- जो फर्मे प्रतिभूति राशि जमा करने से छूट के लिये दावा करती है, उन फर्मो को उक्त वस्तु जिसकी निविदा उनके द्वारा डाली जा रही है, के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रतिभूति राशि में छूट प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (Exemption Certifieate) तकनीकी बिड के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

4- तकनीकी बिड में वर्दी वस्तु की निर्माता कम्पनी का नाम, पूर्ण पता, फोन नम्बर आदि का उल्लेख अवश्य होना चाहिये। तकनीकी बिड में किसी प्रकार से मूल्य का संकेत पाये जाने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न चेक लिस्ट के अनुसार बिन्दुवार पूर्णरूपेण भरकर ही संलग्न की जाये।

5– क्रय समिति न्यूनतम निविदा को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकार करने हेतु सक्षम होगी। क्रय समिति को उपरोक्त सम्पूर्ण निविदा सूचना को भी निरस्त करने एवं क्रय किये जाने वाली उक्त वर्दी वस्तु की संख्या घटाने अथवा बढ़ाने का भी अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में कोई वाद किसी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।

6– निविदा कार्यक्रम की नियत तिथि पर अवकाश होने की दशा में प्रस्तावित कार्यक्रम अगली तिथि (कार्य दिवस) पर पूर्ववत किया जायेगा।

7– निविदादाता अथवा उसके द्वारा नामित प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

8– निविदादाता द्वारा ट्रेड टैक्स/वैट रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित प्रमाण पत्र तथा रू0 10/- के नान ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का घोषणापत्र कि भारत मे स्थित किसी सरकारी संगठन द्वारा उनकी फर्म को ब्लैक लिस्ट एवं दिवालिया घोषित नहीं किया गया है, तथा फर्म के विरूद्व किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद/अभियोग विचाराधीन/लम्बित नही हैं। इस आशय का प्रमाण-पत्र फार्म के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

9– निविदा विषयक सर्वाधिकार क्रय समिति के अध्यक्ष को निहित होगा।

**निविदा प्रक्रिया की समय सारिणी निम्नवत है:-**

**उक्त वर्दी वस्तु की निर्धारित अल्पकालिक निविदा तिथि-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1** | निविदा प्रकाशन की तिथि | 02—02—2017 | — |
| **2** | निविदा बिक्री की प्रारम्भ की तिथि | 03—02—2017 | 11:00 बजे से |
| **3** | निविदा बिक्री की अन्तिम तिथि | 10—02—2017 | 12:00 बजे तक |
| **4** | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | 10—02—2017 | 15:00 बजे तक |
| **5** | निविदा खोले जाने की तिथि | 10—02—2017 | 16:00 बजे |
| **6** | तकनीकी निविदा मूल्यांकन की तिथि | 11—02—2017 | 12:00 बजे |
| **7** | वित्तीय भाव पत्र खोले जाने व क्रय समिति की बैठक की तिथि | 13—02—2017 | 12:00 बजे |

(प्रकाश स्वरूप पाण्डेय)
अपर पुलिस अधीक्षक,मु0/प्रो0
नि0 अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश ।

1- SPECIFICATION OF BELT CLAPS V.C.BRASS

The over all size of belt claps 52 X 70 X 2.5 mm in octagonal shape & weight 100 grams plus- mines 2% as per sealed sample kept U.P. Police central Store kanpur. The claps should be engraved in Hindi as under:-

ग्राम चौकीदार

थाना–

जिला–